हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 26 नवंबर 2025

11 विज्ञान प्रदर्शनी विद्यार्थियों में नवाचार की भावना...



12 अटेली में अल्ट्रासाउंड सुविधा शुरू हर मंगलवार को नारनौल...



### अनाज मंडी स्थित को-आप्रेटिव सोसायटी कार्यालय पर खाद की कीमत से ज्यादा पैसे लेने व बकाया नहीं देने का मामला

# पांच बैग यूरिया खाद के बनते हैं 1332.50 रुपये, वसूले 1350 रुपये, किसानों में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

फसलों में डाला जाने वाला यूरिया खाद के दाम सरकार द्वारा निर्धारित कीमत से ज्यादा वसूलने का मामला प्रकाश में आया है। किसानों को इसकी भनक तब लगी, जब उनके मोबाइल फोन पर मैसेज पहुंचा। जिस पर किसानों ने इसको सोशल मीडिया पर वॉयरल कर दिया और प्रशासन से कार्रवाई करने की मांग की।

बता दें कि अनाज मंडी स्थित को-आप्रेटिव सोसायटी का कार्यालय खाद बिक्री का एक मुख्य बिक्री केंद्र हैं, जहां समय-समय खाद की खरीददारी करने किसान पहुंचते हैं। सोमवार सायं को इसी कार्यालय पर 490 बैग यूरिया इफको कंपनी का पहुंचा था। खाद आने की जानकारी पाकर जरूरतमंद किसान मंगलवार सवेरे सात बजे से पहले ही कार्यालय पर जाकर लाइनों में लग गए। जबकि कार्यालय खुलने का समय प्रातः 9 बजे का निर्धारित है, लेकिन जब भी खाद आता है, किसान पहले ही पहुंच जाते हैं। मंगलवार को भी सैकड़ों किसान पहुंचे और जब खाद बांटना शुरू किया गया तो एक–एक किसान को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत फसल के अनुसार पांच–पांच बैग यूरिया खाद दिया जाने लगा। गौर करने वाली बात है कि सरकार ने एक यूरिया बैग की कीमत 266.50 रुपये निर्धारित की गई है। इस प्रकार पांच बैग की कीमत 1332.50 रुपये बनती है, लेकिन किसानों ने 1350 रुपये अदा किए और काउंटर पर बैठे कर्मचारी ने यही 1350 रुपये लेकर रख लिए तथा बकाया 17 रुपये 50 पैसे किसान को वापस अदा नहीं किए।




नारनौल। सोसायटी कार्यालय पर खाद खरीदने पहुंचे किसान। फोटो : हरिभूमि

### यह बोले किसान

मिश्रवाड़ा निवासी संजय मान एवं फलसा निवासी धर्मबीर यादव ने बताया कि वह सवेरे ही खाद के लिए लाइन में लग गए थे। संजय मान ने बताया कि उनका नंबर सांतवा था तथा उनसे पांच बैग यूरिया की एवज में 1350 रुपये लिए गए तथा कोई बकाया नहीं दिया गया। जब वह खाद लेकर घर आ गए, तब मोबाइल फोन पर 1332.50 रुपये का मैसेज प्राप्त हुआ। खाद की मशीन से कटी रसीद चेक की तो उस पर भी 1332.50 रुपये दर्ज था, जिस पर उन्हें ज्यादा पैसे लेने की बात पता चली। इस पर उन्होंने वापस जाकर पैसे मांगने की बजाए इसे सोशल मीडिया पर वॉयरल कर दिया। संजय मान ने बताया कि आज करीब 150–200 किसान खाद लेने पहुंचे थे। यदि 100 किसानों से भी साढ़े 17 रुपये अधिक वसूला जाए तो यह प्रतिदिन के हिसाब से 1750 रुपये बन जाता है और खाद एक दिन नहीं, अनेक बार बांटा जाता है। ऐसे में सोसायटी के कर्मचारी कितना पैसा बचत का इक्ट्ठा कर रहे हैं, सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

*यह बोले मैनेजर:* कोआप्रेटिव सोसायटी के मैनेजर सुनील चौधरी से जब बात हुई, तब उन्होंने बताया कि आज वह छुट्टी पर हैं तथा पंजाब से अब लौट रहे हैं। एक यूरिया बैग की कीमत 266.50 रुपये है तथा किसान से पैसा उतना ही लेना चाहिए, जितना बनता है। अधिक पैसा लेना और बकाया नहीं देना गलत है। वह कल ऑफिस जाकर इसकी जांच करेंगे। इसके पश्चात ही कुछ बता पाएंगे।

## खबर संक्षेप

### मेंटेनेंस कार्य के चलते दो घंटे बिजली रहेगी बाधित

**महेंद्रगढ़।** बिजली विभाग ने बताया कि गांव पाली के 33 केवी पावर हाउस पर मेंटेनेंस कार्य के चलते बिजली आपूर्ति सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक दो घंटे के लिए बाधित रहेगी। एसडीओ सुनील कुमार ने बताया कि यह कार्य उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया जा रहा है। क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे निर्धारित समय में सहयोग प्रदान करें ताकि मेंटेनेंस कार्य सुचारू रूप से पूरा किया जा सके।

### नकदी, जेवरात और फव्वारा नोजल चोरी

**कनीना।** गांव कोटिया में घर में दबिश देकर अज्ञात चोर नकदी सहित जेवरात पर हाथ साफ कर गए। इस बारे में जयप्रकाश ने कनीना सिटी थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके घर से अज्ञात चोर घर में रखी 22 हजार रुपये की नकदी सहित जेवरात चोरी कर ले गए। उनके घर के नजदीक लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए, जिसमें रात्रि करीब साढ़े 11 बजे कुर्ता-पजामा पहना हुआ व्यक्ति दिखाई देता है। दूसरी ओर, खरकड़ा बास गांव के खेत से अज्ञात चोर पीतल के फव्वारा नोजल चोरी कर ले गए। किसान सुमेर सिंह ने पुलिस को बताया कि सिहोर नहर के समीप धनौंदा के खेत में गेहूं की बुवाई कर रखी है। जिसमें सिंचाई के लिए 10 फव्वारे लगाए गए थे। जिन्हें रात के समय अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### महेंद्रगढ़ में 28 को ग्रीवेंस मासिक बैठक

**नारनौल।** सहकारिता मंत्री अरविंद कुमार शर्मा 28 नवंबर को दोपहर 2:30 बजे राजकीय पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम महेंद्रगढ़ में जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक लेंगे। इसमें पहले से निर्धारित मामले सुनवाई के लिए रखे जाएंगे जिनका संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा समाधान किया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने दी।

### राहगीरों ने मदद कर नशेड़ी ट्राला चालक को किया पुलिस के हवाले

# ट्राला ने स्टेट कैरिज बस को मारी टक्कर चालक सहित दर्जनभर यात्री घायल

- पेटोल पंप व टी–स्टॉल की दुकान होने के चलते अकसर सड़क के इधर–उधर खड़े रहने वाले भारी वाहनों से बना रहता हादसे का अंदेशा
- घायलों को एसडीएच कनीना व महेंद्रगढ़ के अस्पताल में कराया दाखिल, सभी की हालत खतरे से बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

कनीना-महेंद्रगढ़ स्टेट हाईवे नंबर 24 पर गुढ़ा से करीब दो किलोमीटर दूर कनीना की ओर हनुमान मंदिर के पास ट्राला व स्टेट कैरिज बस की भिड़ंत में चालक की सूझबूझ के चलते बस में सवार करीब 50 यात्रियों की जान बाल-बाल बच गई। सुबह करीब साढ़े नौ बजे घटित इस हादसे के बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई।

प्रत्यक्षदर्शी नरेंद्र कुमार व बाबूलाल के अनुसार स्टेट कैरिज बस महेंद्रगढ़ से कनीना से जा रही थी जबकि एक ट्राला सामने से आ रहा था। इसी दौरान सड़क से नीचे खड़े एक अन्य ट्राले को चालक ने सड़क पर चढ़ाने का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि यहां पर पेट्रोल पंप व टी-स्टॉल की दुकान होने से अकसर भारी वाहन सड़क के इधर-उधर खड़े रहते हैं। जिसके चलते सड़क हादसों की संभावना बनी रहती है। मंगलवार को भी कमोबेश ऐसा ही हुआ।

सामने से तेज गति से आ रहे बेकाबू ट्राला ने पहले सड़क पर चढ़ने जा रहे ट्राले को टक्कर मार दी। इसे देखकर सामने से आ रही बस का चालक संभल गया, जिससे बस को सड़क से नीचे उतरते हुए नियंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन अनियंत्रित ट्राले ने बस को भी टक्कर मार दी।

सड़क व जमीन का एकसमान लेवल नहीं होने से बस का झुकाव हो गया। स्टेट कैरिज बस में करीब 50 यात्री सवार थे, जिनमें कोहराम मच गया। कुछ यात्री खिड़की से नीचे गिर गए। बस चालक के पैर तथा कंधे में चोट आई, वहीं अन्य यात्रियों को हलकी चोटें आई। जिन्हें राहगीरों की मदद से करीब दर्जनभर घायलों को कनीना के उप नागरिक अस्पताल व महेंद्रगढ़ में दाखिल कराया गया।

बस चालक की पहचान 35 वर्षीय मुकेश कुमार वासी खरकड़ा बास के रूप में हुई है, जिसे कनीना में प्राथमिक उपचार के बाद ऑर्थो ओपिनियन के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। अस्पताल के चिकित्सक डॉ. हनुमान यादव ने बताया कि यात्रियों की हालत खतरे से बाहर है।

### कनीना-महेंद्रगढ़ स्टेट हाइवे पर गुढा के समीप हुआ हादसा




कनीना। सड़क मार्ग पर हादसे का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

### बस चालक की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

बिट्टू यादव व नरेंद्र ने बताया कि बस चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। सामने से बेकाबू होकर आ रहे ट्राले को देखते हुए चालक ने बस को नियंत्रित करते हुए सड़क से नीचे उतार दिया, जिससे जनहानि न हो सकी। आमने-सामने की टक्कर होती तो बहुत से यात्री अकाल काल का ग्रास बन सकते थे। दोनों वाहनों की हलकी टक्कर होने पर यात्रियों को हलकी व मामूली चोटें आई हैं। जिन्हें अस्पताल से प्राथमिक उपचार देने के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है।



कनीना। आरोपित ट्राला चालक से पूछताछ करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### नशे से टल्ली था ट्राला चालक

उन्होंने बताया कि हादसे का आरोपित ट्राला चालक सुबह-सवेरे ही शराब के नशे में टल्ली था। जिसका हादसे के बाद विडियो भी वायरल हो रहा है। जिसमें वह शराब के नशे में झूलता दिखाई दे रहा है। आरोपित चालक को पुलिस के हवाले किया गया है जिसका नाम सुनील कुमार निवासी झज्जर बताया गया है। सड़क हादसे की सूचना मिलने पर ईआरवी सहित कनीना सिटी एवं सदर थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जिन्होंने सड़क पर खड़े दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को साइड में करवाकर यातायात बहाल करवाया। पुलिस ने आरोपित ट्राला चालक को काबू कर लिया, जिससे पूछताछ की जा रही है। हादसाग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

*पुलिस कर रही छानबीन:* कनीना सदर थाना इंचार्ज सजन सिंह ने कहा कि घटना स्थल का मौका-मुआयना कर सड़क यातायात बहाल करा दिया गया है। घायलों का हालचाल जानने के लिए अस्पताल के चिकित्सकों से संपर्क किया गया है। आरोपित ट्राला चालक से पूछताछ की जा रही है।

### जुर्माना वसूलने की प्रक्रिया में जुटे अधिकारी

## बिजली निगम की विजिलेंस टीम ने बिगोपुर में की छापेमारी, बोरवेल पर चोरी पकड़ी

- एक ही आरोपित की दूसरी बार चोरी पकड़ी जाने पर टीम ने जताई हैरानी
- चार्ज नोटिस पर अदायगी नहीं की तो पुलिस कार्रवाई करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ निजामपुर

बिजली की चोरी पर निगम ने शिकंजा कसना आरंभ कर दिया। नांगल चौधरी-निजामपुर के गांवों में दो दिनों से विजिलेंस टीम लगातार छापेमारी कर रही है। बिगोपुर गांव में बीते 8-10 सालों से बोरवेल की मोटर चोरी की बिजली से चलाने का मामला उजागर हुआ है। टीम ने रंगे हाथों चोरी पकड़ने के बाद जुर्माना चार्ज रिपोर्ट तैयार करके उपमंडल कार्यालय में भेज दी। जिसके आधार पर रिकवरी नहीं होने पर अधिकारियों को पुलिस कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

सरेली गांव में पेयजल संकट बना हुआ है इसलिए स्थानीय पंचायत के आग्रह पर बिगोपुर पंचायत ने बोरवेल डोनेट कर दिया था, जिस पर बिजली कनेक्शन के साथ सभी उपकरण उपलब्ध हैं। इसी बोरवेल के पास बिगोपुर निवासी गजानंद उसके परिजनों ने दो निजी बोरवेल लगवा लिए, जिन पर बिजली कनेक्शन नहीं है। आरोपित ने सरेली पंचायत के अंतर्गत बोरवेल से अवैध कुंडी कनेक्शन करके निजी बोरवेल चलाने आरंभ कर दिए। सरपंच ने बिजली निगम के उपमंडल अधिकारी तथा पब्लिक हेल्थ विभाग में कंप्लेंट दर्ज कराई थी। शिकायत मिलने पर दोपहर के करीब दो बजे विजिलेंस टीम ने छापेमारी करके दो बोरवेलों पर बिजली चोरी पकड़ी। मशीन द्वारा चेक करने पर दोनों बोरवेलों पर 15-15 हॉर्सपावर की मोटर चलने की पुष्टि हुई थी।

### 200 रुपये घंटे के हिसाब से बोरवेल पर बिकता है पानी

ग्रामीणों ने बताया कि डॉर्कजोन की पाबंदी के चलते बोरवेलों पर बिजली कनेक्शन नहीं लगा है। जबकि सरेली बार्डर के आसपास कृषि सिंचाई के लिए पानी की मारामारी रहती है। आपूर्ति करने के लिए आरोपित ने बोरवेल लगवा लिया तथा चोरी की बिजली का इस्तेमाल करके 200 रुपये घंटे के हिसाब से पानी बिक्री करते हैं।

### एक साल पहले पकड़ी गई चोरी के मामले को राजनीतिक पहुंच से कराया कैंसिल

सरेली के सरपंच दाताराम ने बताया कि बिगोपुर निवासी गजानंद बीते 10 सालों से पंचायती बोरवेल पर कुंडी कनेक्शन द्वारा बिजली चोरी करके दो मोटर चलाता है। शिकायत मिलने पर करीब एक साल पहले भी निगम ने आरोपित को रंगे हाथ बिजली चोरी करते पकड़ा था। किंतु राजनीतिक पहुंच का इस्तेमाल करके चोरी के मामले को रफा-दफा करवा लिया। अब निगम ने विजिलेंस टीम ने दोबारा चोरी पकड़ी है।

### सीएम विंडो ने शिकायतकर्ता को मृत बताकर बंद कर दी फाइल

**नारनौल।** जिला उपायुक्त के आदेशों की अवहेलना कर नगर पालिका अटेली ने रेवाड़ी रोड स्थित मिलन गार्डन को सील करने की बजाय शिकायतकर्ता स्वर्गीय राजीव राव को मृत बताकर करवाई बंद कर दी है। इसके खिलाफ शिकायतकर्ता स्वर्गीय राजीव राव के पिता होशियार सिंह ने राज्य सरकार व प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिखकर मिलन गार्डन को सील करने की अधूरी कार्रवाई पर रोष व्यक्त किया है। पीड़ित होशियार सिंह ने बताया कि अटेली में रेवाड़ी रोड पर मिलन गार्डन नाम का एक बैंकेट हाल संचालित किया जा रहा है। इस संबंध में उसके बेटे स्वर्गीय राजीव राव ने एक शिकायत सीएम विंडो में तीन फरवरी 2020 को दी थी और तब इस मुद्दे को विभिन्न अखबारों ने जोर-शोर से उठाया था, जिसके चलते सचिव नगर पालिका अटेली ने उक्त मिलन गार्डन को अवैध रूप से संचालित होना पाया था।

*पुलिस का खुलासा*

## टोल प्लाजा पर तोड़फोड़ मामले में तीन आरोपियों को पकड़ा

**नारनौल।** सिरोही बहाली टोल प्लाजा पर तोड़फोड़ करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना नांगल चौधरी की पुलिस टीम ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपित वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गए थे। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के निर्देश पर आरोपितों को पकड़ने के लिए थाना नांगल चौधरी, सीआईए नारनौल और साइबर सेल नारनौल की संयुक्त टीमों का गठन किया गया। इन तीनों टीमों ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए तीन आरोपित राजू वासी कालबा, सोमबीर वासी कालबा और केवल वासी आसरा का माजरा थाना बावल रेवाड़ी को गिरफ्तार किया है। जांच में पुलिस ने पता लगाया कि आपसी कहासुनी को लेकर रंजिश रखते हुए आरोपितों ने वारदात को अंजाम दिया था। तीनों आरोपितों के खिलाफ पहले भी मामले दर्ज हैं। आरोपित राजू के खिलाफ तीन मामले, आरोपित सोमबीर के खिलाफ दो मामले और आरोपित केवल के खिलाफ एक मामला दर्ज है।



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में तीन आरोपित।

*यह था मामला:* सिरोही टोल प्लाजा के मैनेजर राजेश ने थाना नांगल चौधरी में शिकायत दी कि 16 नवम्बर को शाम आठ बजे नांगल चौधरी की तरफ से बिना नम्बर की दो बुलेरो गाड़ी आई। उनमें से करीब 14-15 नौजवान उतरे और सीधे एनएचएआई के टोल प्लाजा सिरोही बहाली पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग की तरफ से जो टोल युक्त सिस्टम लगा हुआ है जैसे सेंसर, एलडीडी, कैप्चर कैमरा, यूपीएस, बूम बैरियर, 10 लाइन का पूरा सिस्टम व बूथ तोड़ दिए और सरकारी बिल्डिंग में भी हानि पहुंचाई। जिसके कारण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग 148बी टोल सिरोही बहाली पर काफी नुकसान हुआ। जिससे टोल वसूली करने में परेशानी आ रही है। जिसमें सभी 14-15 नौजवानों के हाथों में डंडे और लोहे की रॉड थी। इन्होंने टोल भी फ्री कर दिया।

### 15 लाख रुपये की लागत से बनाई जाएगी सड़क

## वार्ड नंबर नौ में नपा ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान, चबूतरे तोड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

शहर के वार्ड नंबर नौ के मोहल्ला वाल्मीकि से 11 हट्टा बाजार की सड़क तक नगर पालिका टीम की ओर से मंगलवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान जेसीबी मशीन ने रोड पर बने चबूतरे व अन्य सामाग्री हटाई गई। लोगों की ओर से अभियान को लेकर कोई रोष नहीं जताया गया। टीम ने शांतिपूर्वक तरीके से धीरे धीरे करके लोगों द्वारा रोड पर बनाए चबूतरे को हटाया गया। नगर पालिका का यह अभियान सुबह करीब साढ़े दस बजे शुरू हुआ। नगर पालिका द्वारा 15 लाख रुपये खर्च कर यह सड़क बनाई जाएगी।

बता दें कि शहर के मोहल्ला खटीकान के मस्जिद वाले मार्ग की करीब 350 मीटर सड़क मार्ग पिछले 17 वर्षों से बदहाल अवस्था में पड़ा है, जिसके चलते आसपास रहने वाले दुकानदार व मोहल्लावासी काफी दिनों से परेशान हैं। यह मार्ग 350 मीटर लंबा व करीब 30 मीटर चौड़ा है। 11 हट्टा बाजार से स्टेट हाईवे को जोड़ने वाला मुख्य रास्ता है। इस मार्ग से दो से ढाई हजार वाहनों का आवागमन रहता है। आसपास के गांवों के ग्रामीण भी इसी रास्ते से सब्जी व अन्य सामान लेने के लिए आते हैं। रोड टूटे होने के कारण वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। यह मार्ग करीब 2008 में बनाया गया था। रोड बनने के दो साल बाद ही रोड टूटने लगा था, तब से 11 हट्टा बाजार से मोहल्ला वाल्मीकि तक पूरा रोड टूटा हुआ है। कई स्थानों पर रोड दिखाई नहीं देता। इसके अलावा जर्जर रोड से निकली रोड़िया छुटकर आसपास रहने वाले लोगों को घायल कर रही हैं।



महेंद्रगढ़। सड़क पर अतिक्रमण हटाती जेसीबी मशीन। फोटो : हरिभूमि

### निर्माण करवाया जा रहा

*नगर पालिका की ओर से 15 लाख रुपये में मोहल्ला खटीकान के मार्ग का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। निर्माण कार्य से पूर्व मार्ग के दोनों तरफ पक्के अतिक्रमण व कबाड़ को हटाकर मार्ग को चौड़ा किया जाएगा। यह मार्ग तारकोल का बनाया जाएगा।*

*-रमेश सैनी, चेरयमैन, नगर पालिका, महेंद्रगढ़*

### मार्ग पर है कई दुकानें

इस मार्ग पर दो मंदिर, एक अस्पताल, स्कूल, मस्जिद, मासाखोरों की दुकान, कबाड़ की दुकानें, पटवार घर स्थित है। लोग लघु सचिवालय जाने के लिए इसी मार्ग का इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा लोग सब्जी मंडी व शहर का प्रमुख 11 हट्टा बाजार जाने के लिए इसी रोड से होकर गुजरते हैं। स्कूली विद्यार्थी व कॉलेज की छात्राएं महाविद्यालय में इसी रास्ते से जाते हैं। यह छोटा व आसान रास्ता भी है। आसपास के ग्रामीण पटवारी के पास भी इसी रास्ते से आते है। पिछले 17 वर्षों से यह रोड टूटा हुआ है। लोग प्रशासन से इस रोड का जल्द निर्माण करने की मांग उठा रहें थे, अब नगर पालिका ने इस मार्ग की सुध ली हैं। ठेकेदार की ओर से फिलहाल अतिक्रमण हटाया जा रहा था। नगर पालिका यह सड़क तारकोल से बनाया जाएगा।

## बाटा कंपनी के नकली जूते बेचने का आरोप, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

शहर में बाटा कंपनी के नकली जूतों की बिक्री करने वाले कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की गई है। कंपनी के सीनियर इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर विजय कुमार को विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली थी कि इलाके में बाटा रेमो ब्रांड के नाम पर डुप्लीकेट जूते बेचे जा रहे हैं। जानकारी की पुष्टि के लिए उन्होंने कंपनी अधिकारियों से अनुमति लेकर गुप्त जांच की, जिसमें नकली प्रोडेक्ट की बिक्री की पुष्टि हुई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए विजय कुमार ने पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। इसके बाद सोमवार को करीब दोपहर एक बजे बाटा कंपनी की टीम और शहर थाना पुलिस टीम महेंद्रगढ़ स्थित माडर्न एजेंसी श्री श्याम ट्रेडर्स पहुंची। दुकान की वीडियोग्राफी करते हुए तलाशी ली गई, जहां से 218 नकली जूते बरामद किए गए। जांच टीम ने इनमें से दो जूतों को नमूने के रूप में अलग किया और बाकी दो सौ सोलह जूतों को सफेद कट्टों में पैक कर सील किया। कार्रवाई के दौरान दुकान पर मौजूद व्यक्ति ने अपना नाम बताने से इंकार कर दिया, लेकिन पूछताछ में उसने बताया कि दुकान मालिक प्रमोद अग्रवाल है, जो आगरा से यह नकली माल मंगवाता है। शुरुआती जांच में स्पष्ट हुआ कि नकली जूते बेचकर ग्राहकों और कंपनी दोनों के साथ धोखाधड़ी की जा रही थी। पुलिस ने कंपनी प्रतिनिधि द्वारा तैयार की गई शिकायत, बरामद माल और नमूनों को कब्जे में लेकर थाने में जमा किया।



महेंद्रगढ़। नकली जूतों को गाड़ी में डलवाते पुलिसकर्मी।



# एक और बहादुर हमें छोड़कर चले गए : अमिताभ बच्चन

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार धर्मेंद्र का 24 नवंबर को 89 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके साथी कलाकार और सदी के महानायक कहे जाने वाले अमिताभ बच्चन ने उनके निधन पर भावुक पोस्ट की है और दुख जताया है। अमिताभ बच्चन ने एक्स पर एक पोस्ट में धर्मेंद्र के बारे में लिखा 'एक और बहादुर हमें छोड़कर चले गए। अपने पीछे वह एक सन्नाटा छोड़ गए। धरम जी। वह अपने आप में मिसाल थे। वह न सिर्फ अपनी शारीरिक मौजूदगी के लिए, बल्कि अपने बड़े दिल और बेहतरीन सादगी के लिए जाने जाते थे। वह अपने साथ पंजाब के उस गांव की मिट्टी की खुशबू लाए थे, जहां से वह आए थे। वह उस मिट्टी के मिजाज के प्रति सच्चे रहे।

लाइफ Style

# अदिति

## यूं शुरू हुआ था सच्चे प्यार का नया सफर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड और साउथ सिनेमा की दुनिया में अपनी एक्टिंग का परचम लहरा चुकीं अदिति राव हैदरी का जन्म राजघराने में हुआ था। अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ की कहानी तो जैसे किस्मत से बनी हुई लगती है। एक्ट्रेस की लव स्टोरी फरवरी 2021 में तेलुगु फिल्म 'महा समुद्रम'के सेट पर शुरू हुई थी।

जब वह अपने हसबैंड सिद्धार्थ के साथ एक्शन-ड्रामा फिल्म में नजर आई थीं। अदिति ने साउथ में भी अपने काम से लोगों का दिल जीता है। उनके फैंस की संख्या बहुत ज्यादा है। बहुत कम लोग जानते हैं कि अदिति की पहली शादी सत्यदीप मिश्रा से हुई थी। महज 21 साल की उम्र में उन्होंने पहली शादी की थी। लेकिन, ये रिश्ता ज्यादा समय तक नहीं चला और दोनों अलग हो गए। अदिति ने अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब तलाक हुआ, तो उनका दिल टूट गया था, लेकिन तलाक के बावजूद अदिति और सत्यदीप एक-दूसरे के दोस्त बने रहें। पहली शादी टूटने के बाद अदिति राव हैदरी की मुलाकात साल 2021 में फिल्म महा समुद्रम के दौरान सिद्धार्थ से हुई। फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों अक्सर सेट पर साथ समय गुजारते थे। इसी बीच दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगीं। इसके बाद दोनों ने डेटिंग शुरू कर दी। दोनों ने जब एक दूसरे को अच्छे से जान लिया। तब मार्च 2024 में अपनी सगाई की खबर को फैंस के साथ शेयर किया। 16 सितंबर साल 2024 को दोनों शादी के बंधन में बंध गए। बात अगर अदिति के एक्टिंग कॅरियर की करें तो अब तक वह रॉकस्टार, मर्डर 3, वजीर, पद्मावत, कातरू वेलियिदाई, सूफीयम सुजातायम, महा समुद्रम जैसी फिल्मों में दमदार रोल में नजर आ चुकी हैं।



हॉलीवुड मसाला



# नए हैरी पॉटर को लिखा लेटर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की दुनिया में एक बार फिर से 'हैरी पॉटर' का जादू लौटने की तैयारियां जोरों पर हैं। जैसे-जैसे नई सीरीज की शूटिंग आगे बढ़ रही है, फैंस का उत्साह भी बढ़ता जा रहा है। इस बार कहानी का केंद्र सिर्फ नए कलाकार ही नहीं हैं, बल्कि वो भावनाएं भी हैं जो मूल हैरी पॉटर रहे डेनियल रेडक्लिफ ने अपने छोटे उत्तराधिकारी के लिए जताई हैं। डेनियल ने हाल ही में बताया कि उन्होंने नए हैरी पॉटर बने डोमिनिक मैकलॉफलिन को खुद पत्र लिखकर शुभकामनाएं भेजी हैं।




# 'द हार्डर दे कम' में एक्टिंग ने दिलाई पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** जिमी क्लिफ एक शानदार रेगे गायक और अभिनेता थे। उन्होंने 81 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके जाने से मनोरंजन जगत में शोक की लहर छा गई है। जिमी क्लिफ को मशहूर फिल्म 'द हार्डर दे कम'में एक्टिंग के लिए भी पहचाना जाता था। जिमी क्लिफ जमैका के रहने वाले थे। बचपन से ही उनका संगीत के प्रति गहरा लगाव थे। वे अपनी किशोरावस्था में ही किंग्स्टन के उभरते संगीत जगत में शामिल हो गए और 1960 के दशक में एक ऐसे आंदोलन का नेतृत्व किया जिसमें बॉब मार्ले, टूट्स हिबर्ट और पीटर तोश जैसे भावी सितारे शामिल थे। 1970 के दशक के शुरुआती वर्षों में, उन्होंने निर्देशक पेरी हेनजेल की एक महत्वाकांक्षी फिल्म में अभिनय के प्रस्ताव को स्वीकार किया। इसमें उन्होंने रेगे संगीतकार, इवानहो इवान मार्टिन का किरदार निभाया, जो अपने कॅरियर में गिरावट आने पर अपराध की दुनिया में चला जाता है।



# कैलोरी की शूटिंग के दौरान थीं नर्वस

**मुंबई।** अभिनेत्री डॉली अहलूवालिया अपनी अपकमिंग फिल्म 'कैलोरी' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इससे पहले इस फिल्म की इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (आईएफएफआई) में स्क्रीनिंग हुई है। नेशनल अवॉर्ड जीतने वाली एक्ट्रेस डॉली अहलूवालिया ने कहा कि यह रोल बहुत इमोशनल था और उन्होंने माना कि शूटिंग के दौरान वह नर्वस थीं। एएनआई से बात करते हुए अहलूवालिया ने बताया कि 'कैलोरी' टाइटल दिखाता है कि लोग अपने अतीत के दर्द और यादों के साथ कैसे जीते हैं। इस बारे में उन्होंने कहा, 'मेरे लिए कैलोरी का मतलब अनुभव और भावनाएं हैं और आप खाने के बजाय उन भावनाओं को कैसे पचाते हैं।' एक्ट्रेस ने बताया कि फिल्म को लेकर उन्हें खुद पर भरोसा नहीं था।



# धर्मेंद्र की सादगी से सदाबहार बने ये गाने...

**मुंबई।** धर्मेंद्र के गाने सिर्फ सुने नहीं गए, उन्हें महसूस किया गया, जिया गया और उन पर थिरका गया, जिन्हें कई पीढ़ियां सदियों तक याद रखेंगी। यह कहानी उन्हीं सुरों की महक की है, जो आज भी 'पल पल दिल के पास' धड़कती है, जिन सुरों ने थिरकना सिखाया और दोस्ती की नई परिभाषा बनाई। मैं जट यमला पगला दीवाना, फिल्म- प्रतिज्ञा (1975), ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे, फिल्म- शोले (1975), पल पल दिल के पास, फिल्म- ब्लैकमेल (1973), कोई हसीना जब रूठ जाती है, फिल्म- शोले (1975), किसी शायर की गजल, फिल्म- ड्रीम गर्ल(1977), मैं तेरे इश्क में मर न जाऊं कहीं, फिल्म- लोफर (1973), अब के सजना सावन में, फिल्म- चुपके चुपके (1975), झिलमिल सितारों का आंगन होगा, फिल्म- जीवन मृत्यु (1970), आज मौसम बड़ा बेईमान है बड़ा-लोफर (1973)।


टीवी मसाला



# मृदुल और बसीर से नहीं हो सकती शहबाज की तुलना

**नई दिल्ली।** सलमान खान के रिएलिटी शो 'बिग बॉस 19' से कुनिका सदानंद एविक्ट हो गई हैं। 'बिग बॉस 19' से बाहर आने के बाद कुनिका ने मीडिया से बात की। कुनिका ने कहा कि उनके हिसाब से शहबाज बदेशा का मृदुल तिवारी और बसीर अली से ज्यादा कंट्रीब्यूशन रहा है। उन्होंने कहा, 'बसीर ने अपना 100% दिया, लेकिन एक टाइम के बाद उनका गेम खत्म हो गया था क्योंकि वह और नेहल चुडासमा करीब आ गए थे। बसीर खुश थे, लेकिन उसके बाद वो गेम में एक्टिव नहीं रहे थे।'कुनिका ने इंटरव्यू में आगे कहा, 'रहा सवाल मृदुल का तो गौरव ने उन्हें ओवरशैडो कर दिया। ऐसा हो गया था कि वो हर चीज गौरव से पूछकर करता था। वो गौरव से पूछे बिना हिलता तक नहीं था। तो आप शहबाज के कंट्रीब्यूशन को बसीर और मृदुल के कंट्रीब्यूशन से कंपेयर नहीं कर सकते हैं। शहबाज जब घर में आया वह हंसी, मजाक और बहुत सारी नई-नई चीजें लेकर आया।'कुनिका ने ये भी कहा कि शहबाज के ऊपर प्रेशर है क्योंकि शहनाज गिल भी बिग बॉस से बनी हैं। कुनिका बोलीं, 'मैं शहबाज को फिल्मों में देखना चाहती हूं। मैं चाहती हूं कि मैं उसे कॉमेडी रोल्स में देखूं।'जब कुनिका से पूछा गया कि उनके हिसाब से 'बिग बॉस 19' का विनर कौन है? तब उन्होंने फरहाना भट्ट का नाम लिया। उन्होंने साफ कहा कि उन्हें भी लगता है कि गौरव एक्टिंग कर रहे हैं। कुनिका सदानंद ने इंटरव्यू में कहा, 'गौरव पीछे से खेलते हैं। इमोशनल मैनिपुलेशन भी करते हैं। मृदुल के साथ भी किया था।

## एक वरदान के रूप में देखती हूं



**नई दिल्ली।** शुभांगी अत्रे ने भाभी जी घर पर हैं में अंगूरी भाभी के किरदार से दर्शकों का दिल खूब जीता है। कुछ दिनों से खबरें आ रही थीं कि शुभांगी को शो से पुरानी अंगूरी भाभी यानी शिल्पा शिंदे रिप्लेस करने वाली हैं। अब शुभांगी ने इस खबर को कन्फर्म कर किया है। 10 साल के बाद शुभांगी अब इस शो को छोड़कर जा रही हैं। शुभांगी का कहना है कि वह इसे एक आशीर्वाद की तरह ले रही हैं। शुभांगी ने कहा, 'मैंने हमेशा मिसेस कोहली को वादा किया था कि मेरी जर्नी शो में आन, बान और शान के साथ शुरू होगी और वैसे ही उसका एंड होगा। मैं इससे बेहतर एग्जिट के बारे में नहीं सोच सकती। रिप्लेसमेंट के पीछे की कोई वजह नहीं है। मैं इसे एक वरदान के रूप में देखती हूं, क्योंकि एक कलाकार के रूप में मैं नए किरदारों को निभाना चाहती हूं। आइडिया यह है कि यहां से बाहर जाऊं और बाकी काम पर फोकस करूं। लाइफ में इतना कुछ देखने के बाद मैं फाइटर मोड में आ गई हूं और अब सिर्फ अपनी बेटी और अपने काम पर फोकस कर रही हूं।'

# भारी-भरकम कास्ट होने के बावजूद दर्शकों को नहीं रिझा सकीं ये फिल्में

**मुंबई।** बॉलीवुड की कई ऐसी फिल्में हैं जिनमें कई बड़े कलाकारों ने अभिनय किया है। कई फिल्मों में अच्छे विजुअल, अच्छे म्यूजिक और अच्छी कहानी रही। हालांकि ये फिल्में उम्मीद के मुताबिक दर्शकों को अपनी तरफ खींचने में नाकाम रहीं। बॉक्स ऑफिस पर इन फिल्मों की कमाई उम्मीद के मुताबिक नहीं रही। आलोचकों से भी इन फिल्मों को सराहना नहीं मिली।

***सर्कस*** : साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'सर्कस' में रणवीर सिंह, वरुण शर्मा, पूजा हेगड़े और जैकलीन फर्नांडिस जैसे कलाकार थे। उम्मीद की जा रही थी कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करेगी। हालांकि कमजोर कहानी की वजह से इसे बहुत कम दर्शक मिले और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई।

***कलंक*** : फिल्म 'कलंक' (2019) में माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, आलिया भट्ट, वरुण धवन, सोनाक्षी सिन्हा और आदित्य रॉय कपूर ने अभिनय किया था। इसके बावजूद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई नहीं कर सकी थी। आलोचकों ने कलाकारों के हिसाब से इसकी कहानी को कमजोर बताया था। हालांकि इसके विजुअल अच्छे थे।



***ठग्स ऑफ हिंदोस्तान*** : साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'ठग्स ऑफ हिंदोस्तान' में आमिर खान और अमिताभ बच्चन पहली बार साथ में नजर आए थे। इसमें कटरीना कैफ और फातिमा सना शेख भी थीं। इसकी रिलीज से पहले इसकी काफी चर्चा थी। हालांकि यह फिल्म रिलीज के बाद कुछ खास नहीं कर सकी। बॉक्स ऑफिस पर इसने लगभग बजट भर की ही कमाई की थी।

***हैप्पी न्यू ईयर*** : 'हैप्पी न्यू ईयर' (2014) में शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और अभिषेक बच्चन जैसे कलाकार थे। फिल्म में ग्लैमर का तड़का था और इसका म्यूजिक भी अच्छा था। हालांकि फिल्म की कहानी इतनी कमजोर थी कि इसे दर्शकों ने नकार दिया। बड़े कलाकारों के होने के बावजूद यह फिल्म आलोचकों को प्रभावित नहीं कर सकी थी।

***जानी दुश्मनः एक अनोखी कहानी*** : साल 2002 में रिलीज हुई फिल्म 'जानी दुश्मनः एक अनोखी कहानी' में बॉलीवुड के कई बड़े कलाकार थे। इसमें सनी देओल, अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और मनीषा कोइराला जैसे कलाकार थे। माना जा रहा था कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा देगी। हालांकि ऐसा हुआ नहीं। फिल्म दर्शकों को प्रभावित नहीं कर सकी। फिल्म ने सिर्फ अपना बजट निकाला।

## 53वें अंतरराष्ट्रीय एमी अवार्ड्स 2025

# यूके ने सात श्रेणियों में सबसे अधिक पुरस्कार किए अपने नाम

**लॉस एंजिल्स।** इम्तियाज़ अली की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' को लेकर 53वें अंतरराष्ट्रीय एमी अवॉर्ड्स में अब तक जो उम्मीदें थीं वो अब टूट गई हैं। सोमवार 24 नवंबर की देर रात न्यूयॉर्क सिटी में इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स का आयोजन हुआ जिसमें दिलजीत दोसांझ की अमर सिंह चमकीला को नॉमिनेशन मिला था। 53वें अंतर्राष्ट्रीय एमी अवार्ड्स 2025 के विजेताोषणा कर दी गई है, जिसमें यूनाइटेड किंगडम (यूके) ने सात श्रेणियों में सबसे अधिक पुरस्कार अपने नाम किए हैं। आईटीवी स्टूडियोज़ की 1980 के दशक पर आधारित ड्रामा-कॉमेडी 'रिवॉल्ट्स'ने सर्वश्रेष्ठ ड्रामा का पुरस्कार जीता। इस ब्रिटिश कॉमेडी ड्रामा में डेविड टेनेंट, एडेन टर्नर, कैथरीन पार्किंसन, विक्टोरिया स्मर्फिट, एलेक्स हैसेल, नफेसा विलियम्स, बेला मैक्लीन, एमिली एटैक और डैनी डायर जैसे कलाकार शामिल हैं। यह सीरीज जिली कूपर की किताबों पर आधारित है। वहीं, लुडविग को सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी का पुरस्कार मिला,

**रिवॉल्ट्स ने जीता सर्वश्रेष्ठ ड्रामा का पुरस्कार**



जिसमें डेविड मिशेल ने अभिनय किया है। इस सीरीज में एक पहेली मास्टर (मिशेल) अपने लापता भाई, जो एक पुलिस जासूस है, का भेष बदलकर उसके लापता होने के मामले की जांच करता है। अन्ना मैक्सवेल मार्टिन भी लुडविग का हिस्सा हैं। इसके अतिरिक्त, यूके ने फॉलन के लिए सर्वश्रेष्ठ किड्स लाइव-एक्शन शो, लॉस्ट बॉयज एंड फेयरीज़ के लिए सर्वश्रेष्ठ टीवी मूवी/मिनी सीरीज, हेल जम्पर के लिए सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री, और 'डिस्पैचः किल ज़ोनः इनसाइड के लिए करंट अफेयर्स श्रेणियों में भी ट्रॉफियां जीतीं। इसके अलावा, यूके ने अंटिल आई किल यू में अपने प्रदर्शन के लिए अन्ना मैक्सवेल मार्टिन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से भी नवाजा गया।

## शोले में उनकी वीरू की भूमिका आज भी दर्शकों को भुलाए नहीं भूलती

# इन फिल्मों में निभाई दमदार भूमिका, हर किरदार में जीता दिल

*मुंबई। हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता और हीमैन धर्मेंद्र ने 89 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके जाने से एक युग का अंत हो गया। धर्मेंद्र ने अपने फिल्मी सफर में तरह-तरह के किरदार निभाए थे। वह एक ओर प्रेमी युवक के रूप में याद किए जाते थे, तो दूसरी ओर जांबाज हीरो के रूप में भी। फिल्म 'शोले'में उनकी वीरू की भूमिका आज भी दर्शकों को भुलाए नहीं भूलती।*



***शोले*** *: धर्मेंद्र के करियर की सबसे चर्चित भूमिका की बात की जाए, तो वह 'शोले'में उनकी वीरू की भूमिका है। अमिताभ बच्चन के साथ उनकी जोड़ी ने दोस्ती की मिसाल पेश की थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने अपने किरदार को जीवंत कर दिया था।*

***सत्यकाम*** *: धर्मेन्द्र ने फिल्म 'सत्यकाम'में सत्यप्रिय आचार्य की भूमिका निभाई थी, जो एक सिद्धांतवादी व्यक्ति थे। धर्मेंद्र द्वारा निभाया गया यह किरदार भारतीय सिनेमा के सबसे बेहतरीन किरदारों में से एक माना जाता है।*

***चुपके-चुपके*** *: ऋषिकेश मुखर्जी के निर्देशन में साल 1975 में बनी फिल्म 'चुपके-चुपके'में धर्मेंद्र ने प्रोफेसर परिमल त्रिपाठी और प्यारे मोहन इलाहाबादी की भूमिका निभाई थी। फिल्म में धर्मेंद्र की बेमिसाल कॉमिक टाइमिंग ने दर्शकों को प्रभावित किया थे। यह एक क्लासिक कॉमेडी फिल्म थी।*

**अनुपमा** : ऋषिकेश मुखर्जी की ड्रामा फिल्म 'अनुपमा' इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा सराही गई फिल्मों में से एक थी। यह कहानी एक जिद्दी युवक की है। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने अशोक की भूमिका निभाई थी, जिसे उमा से प्यार हो जाता है। उमा के माता पिता अशोक को नहीं पसंद करते हैं। इससे पहले उमा कुछ गलत कदम उठाती उसके माता पिता अशोक से शादी के लिए मान जाते हैं। फिल्म में अभिनेता ने दमदार भूमिका निभाई थी।

**जॉनी गद्दार**: निर्देशक श्रीराम राघवन की फिल्म 'जॉनी गद्दार' में धर्मेंद्र ने गैंग लीडर शेषाद्रि 'सेशु' की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र और नील नितिन मुकेश के अलावा रिमी सेन, विनय पाठक और जाकिर हुसैन की मुख्य भूमिकाएं थी।

**फूल और पत्थर** : फिल्म 'फूल और पत्थर'में धर्मेंद्र ने एक युवा अपराधी की भूमिका निभाई थी, जिनका नाम शक्ति सिंह 'शाका'था। फिल्म में शाका एक विधवा महिला के खातिर अपनी सारी बुरी आदतें छोड़ देता है और सुधर जाता है। इस फिल्म ने कई सामाजिक मान्यताओं को चुनौती दी और दर्शकों को शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

***यादों की बारात*** *: फिल्म 'यादों की बारात' में धर्मेंद्र ने शंकर की भूमिका निभाई थी। यह पहली मसाला फिल्म थी, जिसमें एक्शन, नाट्य, रोमांस, संगीत, अपराध और थ्रिलर शैलियों का समावेश था। इस फिल्म का निर्देशन नासिर हुसैन ने किया था, जो 1973 में रिलीज हुई थी।*

***धरम वीर*** *: मनमोहन देसाई के निर्देशन में साल 1977 में फिल्म 'धरम वीर' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने धरम का किरदार निभाया था। फिल्म में धर्मेंद्र और जितेन्द्र की जोड़ी को दर्शकों को खूब पसंद किया था।*

***लोफर*** *: 'लोफर'में धर्मेंद्र ने एक स्टाइलिश और करिश्माई हीरो का रोल निभाया था, जो अपराध की दुनिया में फंसा हुआ है, लेकिन दिल से नेक है। अभिनेता ने रंजीत का किरदार निभाया था। फिल्म में धर्मेंद्र की भूमिका की काफी सरहाना की गई थी।*

**खबर संक्षेप**




## पौधे लगाना एवं उनका संरक्षण करना अनिवार्य

**नारनौल।** विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस के अवसर पर हुडा सेक्टर एक स्थित संतोष मेमोरियल रिहैबिलिटेशन एंड रिसर्च सेंटर के प्रांगण में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय 'विश्व पर्यावरण संरक्षण में छात्र-छात्राओं की अहम भूमिका' था। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य डॉ. आरएन यादव ने छात्र-छात्राओं के साथ पर्यावरण संरक्षण संबंधी महत्वपूर्ण विचार एवं अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि बेहतरीन पर्यावरण के लिए अधिक से अधिक पौधों का लगाना एवं उनका संरक्षण करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि बदलते पर्यावरणीय संकट के समय युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर प्रभावी वक्तव्य प्रस्तुत किए। एक प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसके परिणाम अनुसार प्रथम स्थान धीरज डिप्लोमा स्पेशल एजुकेशन (श्रवण बाधित) प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान ज्योति डिप्लोमा स्पेशल एजुकेशन (बौद्धिक विकासात्मक अक्षमता) तथा तृतीय स्थान रक्षिता डिप्लोमा स्पेशल एजुकेशन (बौद्धिक विकासात्मक अक्षमता) को मिला।

### राजकीय महाविद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

# विज्ञान प्रदर्शनी विद्यार्थियों में नवाचार की भावना जगाती है: पूर्ण प्रभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। प्रदर्शनी के दौरान उपस्थित महाविद्यालय स्टाफ। *फोटो : हरिभूमि*

राजकीय महाविद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी तथा प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. पूर्ण प्रभा द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में विभिन्न विषयों के विद्यार्थियों ने वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत किए। प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. पूर्ण प्रभा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी विद्यार्थियों को नए-नए कौशल विकसित करने का अवसर प्रदान करती है।

इस प्रकार की प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थी समाज के समक्ष उपस्थित चुनौतियों के समाधान के लिए विभिन्न वैज्ञानिक तकनीकों का उपयोग कर नवाचार प्रस्तुत करते हैं। ऐसे प्रयास न केवल मनुष्य के जीवन स्तर में सुधार लाते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रदर्शनी से विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि और जिज्ञासा भी बढ़ती है। विज्ञान संकाय के डीन एवं उप-प्राचार्य प्रोफेसर विजय यादव ने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी में कुल छह विभिन्न विषयों में 12 टीमों ने भाग लिया।

प्रस्तुत मॉडलों का मूल्यांकन करने के बाद प्रत्येक विषय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का चयन किया गया। महाविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी 26 नवंबर को राजकीय महाविद्यालय नारनौल में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम में डॉ. विकास गुप्ता, डॉ. मंजू कुमारी, डॉ. अनुप कुमारी तथा डॉ. अंजू कुमारी ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। जीव विज्ञान प्रभारी प्रोफेसर जितेंद्र कुमार वशिष्ठ ने विषयवार परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि प्राणिविज्ञान विषय में एंटी-ड्रग एंड अल्कोहल एब्यूज मॉडल पर यशराज एवं एकांकी प्रथम स्थान पर रहे। वनस्पति विज्ञान विषय में जेनेटिक मॉडिफिकेशन ऑफ क्रॉप्स पर उमंग एवं सुमन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भौतिक विज्ञान विषय में मल्टीमीडिया पोर्ट प्रस्तुति के लिए दिनेश कुमार और दिव्या प्रथम स्थान पर रहे। रसायन विज्ञान विषय में वॉटर प्यूरीफिकेशन परियोजना के लिए संतोष व इशु को प्रथम स्थान मिला। भूगोल विषय में वनों की कटाई मॉडल पर निशा और प्रिया प्रथम स्थान पर रहीं।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर उप-प्राचार्य प्रोफेसर विजय यादव, प्रोफेसर जितेंद्र कुमार वशिष्ठ, प्रोफेसर विकास, डॉ. परमीत कुमारी, डॉ. मंजू कुमारी, डॉ. विकास गुप्ता, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. अनुप कुमारी, डॉ. अंजू कुमारी, विजय पाल, गजानंद, राहुल, रमेश कुमार, दुलीचंद सहित अन्य स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## योगेश व अंकित कुमार का मॉडल रहा प्रथम



नांगल चौधरी। विज्ञान प्रदर्शनी में साइंस मॉडलों का अवलोकन करते हुए प्राचार्य डॉ अनिल कुमार। *फोटो : हरिभूमि*

- खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी रोकने का प्रस्तुत किया मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

शहीद मेजर सतीश दहिया राजकीय कॉलेज में साईंस मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डॉ अनिल यादव की देखरेख में संपन्न हुआ। जिसमें विजेता प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सामाजिक और राष्ट्र के विकास में साइंस की उपयोगिता से अवगत कराया है।

कार्यक्रम के इंचार्ज डॉ बिक्रम सिंह ने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी में साइंस संकाय के 20 विद्यार्थियों ने 10 मॉडल प्रस्तुत किए हैं। जिनमें कैमेस्ट्री विषय के योगेश कुमार व अंकित कुमार खाद्य पदार्थों में मिलावट खोरी रोकने के लिए आधुनिक तकनीक का प्रदर्शन किया। मॉडल के माध्यम से मिलावटी सामग्री को अलग करने की तकनीक से अवगत कराया तथा प्रतिभागियों ने तर्क दकया दिया कि खानपान में शुद्धता का इस्तेमाल करके 80 फीसदी बीमारियों पर अंकुश लगाया जा सकता है। इस मॉडल को कमेटी ने प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया है। इसके बाद विकास कुमार तथा योगेश सिंह ने हाईड्रोजन गैस पर आधारित पावर प्लांट का मॉडल प्रस्तुत किया जिसे द्वितीय पुरस्कार दिया गया है। हेमंत कुमार व रोहित कुमार ने वेस्ट मैटेरियल पर मॉडल बनाकर तीसरा स्थान पाया है। इसके अलावा प्रियंका, रिंकू, गोविंद व निशांत कुमार का मॉडल सहरानीय रहा है। इस मौके पर डॉ सतीश यादव, डॉ ईश्वर सिंह, सुमित कुमारी, डॉ राजदीप, डॉ हेमंत शर्मा, बिजेंद्र कुमार, अभिषेक शर्मा मौजूद रहे हैं।

## गैलेक्सी स्कूल के विद्यार्थियों ने खेलों में किया सराहनीय प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़




गैलेक्सी स्कूल बवानिया के विद्यार्थियों का पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी शानदार प्रदर्शन जारी रहा। अभी हाल ही में भारतीय खेल प्राधिकरण एवं एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में पहली बार देश के 300 जिलों में हो रही अस्मिता जिला एथलेटिक्स लीग 2025-26 में दनचौली स्थित उल्लेखनीय जैसी स्पोर्ट्स क्लब में गैलेक्सी स्कूल के विद्यार्थियों ने अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन जारी रखा। अंडर-16 श्रेणी की प्रतियोगिता में छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। 600 मीटर दौड़ में देवना पुत्री पृथ्वी सिंह निवासी झिगावन ने गोल्ड मेडल अपने नाम करके पहला स्थान हासिल किया तथा इसी प्रकार लॉन्ग जंप में भी देवना ने फिर से सिल्वर मेडल हासिल किया। स्कूल पहुंचने पर छात्रा देवना तथा कोच भारत शर्मा का फूल माला के साथ तथा मेडल देकर, पूरे स्कूल स्टाफ द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। चेयरमैन दरियाव सिंह तथा प्राचार्य करन सिंह ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

## हकेंवि में वी द पीपल वीक के अंतरगत हुई भाषण स्पर्धा

- भाजपा सरकार किसानों को लगातार आर्थिक रूप से कमजोर कर रही है: विजय छिलरो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। प्रतिभागिता करने वाले विद्यार्थी निर्णायक मंडल के सदस्यों के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के विधि विभाग की ओर से आयोजित किए जा रहे वी द पीपल वीक-2025 के अंतर्गत वॉइस ऑफ डेमोक्रेसी पर केंद्रित भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ लॉ के डीन व विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम भावी विधि-विशेषज्ञों में अभिव्यक्ति कौशल और सामाजिक चेतना विकसित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा यह पहल कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार द्वारा प्रोत्साहित समग्र एवं परिवर्तनकारी विधि शिक्षा की दृष्टि का प्रत्यक्ष प्रतिबिंब है। भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए, जिनमें संवैधानिक नैतिकता, जिम्मेदार नागरिकता, सामाजिक न्याय तथा भारतीय लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने में युवाओं की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों को सारगर्भित रूप से अभिव्यक्त किया गया। इस आयोजन ने विभाग की लोकतांत्रिक संवाद को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ किया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन इतिहास एवं पुरातत्त्व विभाग में सहायक आचार्य डॉ. अभिरंजन कुमार और पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में सहायक आचार्य डॉ. सुरेंद्र ने किया। भाषण प्रतियोगिता में अशिमता यादव को प्रथम, आनन्द को द्वितीय तथा प्रथम पाठक एवं शेख साहिलुद्दीन शाह को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। डॉ. प्रदीप सिंह ने बताया कि विजेताओं को संविधान दिवस पर आयोजित होने वाले समापन समारोह में सम्मानित किया जाएगा। आयोजन का समन्वयन में विभाग के शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों द्वारा किया गया।

## ट्रैक्टर पंजीकरण नवीनीकरण शुल्क 10 गुणा बढ़ाना किसान विरोधी

**नारनौल।** बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता अतरलाल एडवोकेट ने प्रदेश सरकार द्वारा ट्रैक्टर पंजीकरण शुल्क में की गई वृद्धि को किसान विरोधी बताया है। मंगलवार उन्होंने जिला के गांव भोजावास, गोमला, गोमली में किसानों से बातचीत करते हुए कहा कि बसपा को हरियाणा के किसानों से शिकायत मिली है कि प्रदेश सरकार ने ट्रैक्टर पंजीकरण नवीनीकरण शुल्क में 10 गुना वृद्धि करके किसानों को बर्बादी के कगार पर खड़ा कर दिया है। पहले ट्रैक्टर पंजीकरण नवीनीकरण शुल्क 1080 रुपये लगता था जो अब 10 गुना बढ़कर 10485 रुपये कर दिया गया है। सरकार की इस रजिस्ट्रेशन फीस वृद्धि से किसानों की कमर टूट जाएगी। मौजूदा सरकार को किसान विरोधी बताते हुए अतरलाल ने कहा कि सरकार की कथनी और करनी में भारी अंतर है। सरकार किसानों को बाजरा भावांतर देने में भी धोखा कर रही है। बाजरे की खरीद बंद हुए 10 दिन हो गए हैं परंतु अब तक बाजरा भावांतर की राशि किसानों के खातों में नहीं आई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बाजरे का मंडी भाव 2200 प्रति क्विंटल मानकर 575 रुपये भावांतर राशि देने की घोषणा की थी। बाजरे की सरकारी खरीद न करके सरकार ने जहां किसानों को निजी खरीददारों के हवाले कर दिया, वहीं मजबूरन किसानों को 400 प्रति क्विंटल कम रेट पर बाजरा बेचना पड़ा। इसलिए सरकार को बाजरा भावांतर की राशि 975 रुपये प्रति क्विंटल की दर से देनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी यदि सरकार ने किसानों की उक्त मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया तो बसपा महापंचायत आयोजित कर आंदोलन शुरू करेगी। इस मौके पर उनके साथ भागसिंह चेयरमैन, पवन धनखड़, राकेश यादव, सोनू सिंह सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।



महेंद्रगढ़। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## प्रतियोगिता में मॉडर्न स्कूल ने दो स्थान प्राप्त किए

**महेंद्रगढ़।** गीता महोत्सव की जिला स्तरीय प्रतियोगिता मॉडल संस्कृति विद्यालय नारनौल में 21 नवंबर को आयोजित करवाई गई। गीता महोत्सव की जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में संवाद प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता आदि करवाई गई। इन विभिन्न प्रतियोगिताओं में मॉडर्न स्कूल भोजावास ने दो स्थान प्राप्त किए। कक्षा छठी से आठवीं की निबंध लेखन प्रतियोगिता में परी पुत्री महेश कुमार कक्षा सातवीं ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा छठी से आठवीं की श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता में हर्षित पुत्र विजय कुमार कक्षा सातवीं ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जिला स्तर पर दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को संस्था निदेशक राजकुमार यादव, हवासिंह यादव, प्रबंधन समिति सदस्य मनोज कुमार, नवीन कुमार, प्राचार्य अनिल कुमार, अध्यापक राकेश कुमार, अध्यापिका शकुंत सहरावत तथा समस्त स्टाफ सदस्यों ने विशेष पुरस्कार से पुरस्कृत किया।

## कांग्रेस का 'वोट चोर गद्दी छोड़' प्रदर्शन कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल




नारनौल। प्रदर्शन की जानकारी देते जिला प्रभारी राजेश संदलाना। फोटो : हरिभूमि

कांग्रेस पार्टी की ओर से 27 नवंबर को जिला स्तर पर वोट चोर गद्दी छोड़ प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन में कांग्रेस के राष्ट्रीय स्तर के नेता भाग लेंगे। इसकी तैयारियों की जानकारी मंगलवार कार्यक्रम के जिला प्रभारी राजेश संदलाना ने महिला कांग्रेस की जिला प्रधान डा. राजवति के आवास पर प्रेसवार्ता की। उन्होंने बताया कि 27 को होने वाला प्रदर्शन पूरे प्रदेश का सबसे बड़ा प्रदर्शन होगा। उमहेंद्रगढ़ जिला के इस प्रदर्शन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला व नेत्री कुमारी सैलजा भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में उनके जिले में होने वाला यह प्रदर्शन काफी बड़ा होगा। जिसमें जिला के सभी कांग्रेस कार्यकर्ता, विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री भाग लेंगे। कांग्रेस की विधायिका मंजू चौधरी भी प्रदर्शन में शामिल होंगी। इस दौरान कांग्रेस की महिला जिला प्रधान डा. राजवति यादव ने कहा कि प्रदर्शन की तैयारियों के लिए सभी की कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। उन्होंने बताया कि यह प्रदर्शन ऐतिहासिक होगा, जो पंचायत भवन से लघु सचिवालय तक किया जाएगा। इस मौके पर यूथ कांग्रेस के जिला प्रधान पुनीत बुलान, एससी सेल के जिला प्रधान पूर्व पार्षद तोताराम कोहली, गौड़ ब्राह्मण सभा के सदस्य धीरज शर्मा व संदीप यादव भी मौजूद रहे।

## युवा प्रतिभा का कमाल: सीनियर खिलाड़ियों के बीच चमका नन्हा



**महेंद्रगढ़।** आरकेड एकेडमी का टूर्नामेंट आरकेड प्रीमियम लीग तीन विभिन्न श्रेणियों सीनियर, जूनियर और सब जूनियर लीग संपन्न हो गई। इसके जूनियर वर्ग में कुल 10 टीमों ने भाग लिया, जबकि सब जूनियर में नौ टीमों और सीनियर वर्ग में चार टीमों ने भाग लिया। सभी तीन विभिन्न श्रेणियों के मैच तीन अलग-अलग मैदानों पर खेले गए। विभिन्न श्रेणियों में करीब 300 खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट में भाग लिया। प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और खेल कौशल के एक प्रेरक प्रदर्शन में, 11 वर्षीय क्रिकेट कौतुक विहान राव ने हाल ही में संपन्न आरकेड अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज का खिताब हासिल किया, जिसका आयोजन न्यू एरा क्रिकेट ग्राउंड मारुति कुंज गुरुग्राम में हुआ था। विहान राव, जो इस टूर्नामेंट के पिछले सीजन में सब-जूनियर और जूनियर वर्ग में मैन ऑफ द सीरीज भी रहे थे, जूनियर वर्ग में विहान ने पांच मैचों में 133 रन बनाए और 10 विकेट लिए। सीनियर वर्ग (अंडर-17 आयु वर्ग) में भी वह ओवरऑल में तीसरे स्थान पर रहे, हालांकि उन्होंने दूसरों से एक मैच कम खेला था। प्रतियोगिता में सबसे कम उम्र के खिलाड़ियों में से एक होने के बावजूद, विहान राव पूरी श्रृंखला में असाधारण ऑलराउंड प्रदर्शन के साथ उभरे।

## ट्रैक्टर रजिस्ट्रेशन शुल्क बढ़ोतरी की निंदा की

**नारनौल।** जननायक जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता विजय छिलरो ने प्रेस को जारी बयान में केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार पर किसानों को लगातार आर्थिक रूप से कमजोर करने का आरोप लगाया है। आय दोगुनी करने के वादों के विपरीत सरकार ने ट्रैक्टर के रजिस्ट्रेशन शुल्क में दस गुना तक बढ़ोतरी कर किसानों की कमर तोडने का काम किया है। यह निर्णय सरकार के किसान विरोधी चेहरे को उजागर करता है। छिलरो ने कहा कि किसानों की हालत पहले ही दयनीय बनी हुई है और किसान कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं। ऐसे समय में ट्रैक्टर के रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण शुल्क को 4,080 रुपये से बढ़ाकर 10,485 रुपये कर देना किसी भी तरह उचित नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार ने किस आधार पर किसानों पर इतना भारी आर्थिक बोझ डाल दिया है और वास्तव में किसकी आय बढ़ाई जा रही है।

## सड़क सुरक्षा क्विज में शिव कुमार रहा प्रथम



**महेंद्रगढ़।** सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में शिव कुमार पुत्र संजय कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता सरकार के सड़क सुरक्षा एवं परिवहन विभाग तथा हरियाणा पुलिस ट्रैफिक विंग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में सुरक्षित एवं जिम्मेदार यातायात संस्कृति विकसित करना था। इस क्विज में छात्रों से ट्रैफिक संकेत, सड़क नियम, वाहन लाइसेंस प्रक्रिया, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के महत्व, सड़क दुर्घटना के कारण व रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रश्न पूछे गए। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच शिव कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। शिव कुमार के इस शानदार प्रदर्शन से विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

**बैठक** केंद्र और राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं को लेकर एडीसी ने ली बैंकर्स की बैठक

योजनाओं का उद्देश्य वंचित परिवारों को आत्मनिर्भर बनाना : एडीसी

# जिलास्तरीय त्रैमासिक समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के ऋण जल्द वितरित करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। बैंकर्स की बैठक लेते एडीसी उदय सिंह। **फोटो : हरिभूमि**

अतिरिक्त उपायुक्त उदय सिंह ने मंगलवार लघु सचिवालय में जिले के सभी बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली। पंजाब नेशनल अग्रणी बैंक की ओर से आयोजित इस जिला स्तरीय त्रैमासिक समीक्षा बैठक में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने बैंकर्स को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं, विशेषकर मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत प्राप्त आवेदनों पर तेजी से कार्रवाई करें और ऋण वितरण प्रक्रिया को सरल बनाएं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य समाज के सबसे वंचित और गरीब परिवारों को आत्मनिर्भर बनाना है। इसलिए बैंक इसमें तत्परता दिखाएं।

उन्होंने देरी से ऋण देने वाले बैंकों के प्रति नाराजगी भी व्यक्ति की। उन्होंने बैंकों द्वारा प्राथमिकता क्षेत्र के तहत निर्धारित लक्ष्यों की तिमाही प्रगति की समीक्षा की और निर्देश दिए कि कृषि, छोटे उद्योगों और कमजोर वर्गों को दिए जाने वाले ऋणों के लक्ष्य को समय पर पूरा किया जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत सब्सिडी राशि को तुरंत जारी करने को कहा। उन्होंने पीएम स्वनिधि योजना के तहत स्ट्रीट वेंडर्स को बिना गारंटी के ऋण और पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सौर ऊर्जा के लिए ऋण प्रदान करने में सक्रियता लाने के निर्देश दिए।

पीएम सूर्य घर योजना के तहत सब्सिडी और बैंक ऋण उपलब्ध कराकर आम नागरिकों को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने का लक्ष्य है, जिसमें बैंकों की अहम भूमिका है। इस मौके पर एलडीएम उमेद सिंह दहिया भी मौजूद थे।

**सभी पैक्स का कंप्यूटरीकृत करके जिला महेंद्रगढ़ पहले स्थान पर**

लघु सचिवालय में आयोजित बैंकर्स की बैठक में नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक अंकित दहिया ने कृषि और ग्रामीण विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। डीडीएम ने बताया कि महेंद्रगढ़ जिला में 100 प्रतिशत ई-पीएसीएस (पैक्स) का दर्जा हासिल करने वाला राज्य का पहला जिला बन गया है। यहां सभी पैक्स कंप्यूटरीकृत हो चुके हैं। इसके अलावा डीडीएम नाबार्ड ने केंद्रीय क्षेत्र की प्रमुख योजनाओं जैसे एग्री-क्लीनिक्स और एग्री-बिजनेस सेंटर और कृषि अवसंरचना कोष की मुख्य विशेषताओं और संशोधित दिशानिर्देशों को साझा किया।

## खबर संक्षेप



महेंद्रगढ़। लोगों को जागरूक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस नशे के खिलाफ किया जागरूक

महेंद्रगढ़। जिला पुलिस की ओर से आमजन को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है। इसी के तहत गांव कोथल खुर्द में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान निरीक्षक राजेंद्र और उनकी टीम ने गांव कोथल खुर्द के युवाओं, लोगों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी और साथ ही अपील की कि नशे का कारोबार करने वालों और नशा करने वालों की सूचना पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है और इस बुराई से लड़ने के लिए समाज के सभी लोगों को एकजुट होना होगा, तभी हम इस अभिशाप को जड़ से खत्म कर सकते है।

### कृष्णनगर कॉलेज में व्याख्यान का आयोजन

नारनौल। राजकीय महाविद्यालय कृष्णानगर में मंगलवार प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर सुमन यादव ने की। यह विस्तार व्याख्यान प्रोफेसर आरआर सोनी अलवर द्वारा दिया गया। उन्होंने अपने विस्तार व्याख्यान में विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार शेयर बाजार में अपना कैरियर बनाना चाहिए। इस मौके पर सुभाष जोली, ड. सीपी यादव व सोमदत्त उपस्थित रहे।

### रोटरी रसोई पर भोजन सेवा कर मनाया जन्मदिन

नारनौल। रोटरी क्लब नारनौल बेलाज की प्रधान निर्मल जिंदल ने मंगलवार को रोटरी रसोई पर भोजन सेवा कर अपना जन्मदिन मनाया। रोटरी रसोई पर जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित करते हुए उन्होंने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा मानी जाती है।

रोटरी क्लब प्रधान राजकुमार चौधरी में बताया कि रोटरी रसोई पर प्रतिदिन करीब 300 से 350 लोग मात्र 10 में भरपेट भोजन ग्रहण करते हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ अथवा अन्य किसी भी विशेष दिन को जरूरतमंद लोगों में भोजन सेवा कर यादगार बनाना चाहिए।

# अटेली में अल्ट्रासाउंड सुविधा शुरू, हर मंगलवार को नारनौल से आएंगे सोनोग्राफी विशेषज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अटेली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने मंगलवार को इतिहास रच दिया। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के प्रयासों और क्षेत्र की जनता की लगातार उठती मांग को देखते हुए राज्य सरकार ने पूरे प्रदेश में सबसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अटेली में आधुनिक अल्ट्रासाउंड सुविधा शुरू की है।

खास बात यह है कि प्रदेश के किसी भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर यह सुविधा उपलब्ध नहीं है, लेकिन स्वास्थ्य मंत्री द्वारा अपने निर्वाचन क्षेत्र से पायलट प्रोजेक्ट सुविधा देकर यह पूरे प्रदेश में लागू की जाएगी। मंगलवार को सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार तथा प्रवर चिकित्सा अधिकारी डा. विजय यादव ने अल्ट्रासाउंड मशीन का विधिवत शुभारंभ किया। सीएमओ डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने अटेली की जनता की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए पूरे हरियाणा में पहली बार किसी सीएचसी पर यह सुविधा उपलब्ध कराई है। उनकी पहल के कारण ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। अगर आने वाले समय में मरीजों की संख्या बढ़ती है तो यह सुविधा हफ्ते में एक दिन की बजाय और भी बढ़ाई जा सकती है। प्रवर चिकित्सा अधिकारी डा. विजय यादव ने कहा कि अटेली क्षेत्र के लिए यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। अब गर्भवती महिलाओं, गंभीर मरीजों व बुजुर्गों को दूर-दराज जाने की परेशानी खत्म होगी। उन्होंने कहा कि यह सुविधा आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में अहम पड़ाव साबित होगी। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि वह पूरे प्रदेश भर में सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों को प्राइवेट अस्पतालों जैसी आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा, ताकि कोई भी मरीज इलाज के लिए परेशान न हो। मंत्री ने स्पष्ट किया कि अटेली से शुरू हुआ यह मॉडल पूरे हरियाणा में लागू होगा। लोगों ने कहा कि यह निर्णय क्षेत्र के लिए किसी बड़ी सौगात से कम नहीं है। गर्भवती महिलाओं, किसानों, श्रमिकों व ग्रामीण परिवारों के लिए यह सुविधा जीवनरक्षक सिद्ध होगी। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य मंत्री के इस निर्णय के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।







मंडी अटेली। आधुनिक अल्ट्रासाउंड शुरू होने पर रिबन काटते डॉ. अशोक कुमार। तथा आधुनिक अल्ट्रासाउंड मशीन।

### क्या कहते है सीएमओ

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कुमार ने बताया कि गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को प्राथमिक जांच अब स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होगी। इससे समय और धन की बचत होगी। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि कोई भी मरीज इलाज के लिए परेशान ना हो। सरकारी अस्पतालों की क्षमता बढ़ाकर हम स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत और सुलभ बना रहे हैं।

### हर मंगलवार को सुबह 9 बजे से शाम 3 बजे होगा अल्ट्रासाउंड

स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव के निर्देश पर मंगलवार को अटेली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आधुनिक अल्ट्रासाउंड सुविधा शुरू हो गई है। यह सुविधा पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। इस सेवा के लिए सोनोग्राफी विशेषज्ञ डॉ. धर्मेंद्र सागवान हर मंगलवार को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक मरीजों का अल्ट्रासाउंड करेंगे। अल्ट्रासाउंड सुविधा के शुरू होने से अटेली व आसपास के हजारों मरीजों को अब नारनौल, रेवाड़ी या अन्य शहरों में भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**दो घंटे प्रदर्शन करने के बाद मांगों का एक पत्र भी स्वास्थ्य अधिकारियों को सौंपा**

# मांगों को लेकर एचकेआरएन कर्मचारियों का रोष-प्रदर्शन

## चेतावनी: कर्मचारियों का शोषण करना बंद नहीं किया तो करेंगे बड़ा आंदोलन







नारनौल। जिला नागरिक अस्पताल में धरना देते हुए सफाई कर्मचारी तथा मांग पत्र सौंपते हुए कर्मचारी और नांगल चौधरी के सीएचसी में धरना-प्रदर्शन करते हुए एचकेआरएन कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

- आरोप : आठ कर्मचारियों को हटा दिया गया, जिनका एचकेआरएन पोर्टल पर नवीनीकरण नहीं किया

स्वास्थ्य विभाग के एचकेआरएन कर्मचारियों ने अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारी संघ–2107 संबंधित भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले अपनी मांगों को लेकर दो घंटे के लिए रोष प्रदर्शन किया और मांगों का एक पत्र भी स्वास्थ्य अधिकारियों को सौंपा। प्रधान विक्रम सिंह ने बताया कि कर्मचारियों की समय पर सेलरी नहीं आती, जबकि सीएम नायब सिंह सैनी सरकार ने पहले ही स्पष्ट किया हुआ है कि महीने की सात तारीख से पहले सभी की सेलरी खाते में आ जाएगी। अगर नहीं आती तो डीडीओ को पैनाल्टी का प्रावधान किया है। दूसरी मांग जिले में एचकेआरएन के 434 कर्मचारी हैं, जिसमें से 120 कर्मचारियों का नवीनीकरण नहीं किया गया है। आठ कर्मचारियों को हटा दिया गया। जिनका एचकेआरएन पोर्टल पर नवीनीकरण नहीं किया गया। जिनके पोर्टल पर नाम नहीं हैं, उन कर्मचारियों में सरकार और विभाग के आला अधिकारियों के खिलाफ भारी रोष है। सभी कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नाराजगी दिखाई और जिला के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रोष प्रदर्शन करते हुए मांग पत्र दिया गया। प्रधान विक्रम सिंह समेत संगठन ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने समय रहते कर्मचारियों का शोषण करना बंद नहीं किया तो अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारी संघ पूरे प्रदेश में कठोर कदम उठाने के लिए बड़े आंदोलन की ओर जाएगा, जिसकी पूर्णतया जिम्मेदारी हरियाणा सरकार और हेल्थ डिपार्टमेंट के आला अधिकारियों की होगी। इस मौके पर जिला प्रधान बिक्रम सिंह जागड़ा के अलावा जिला मंत्री पवन कुमार, जिला कोषाध्यक्ष कर्मवीर आदि समेत कई कर्मचारी मौजूद रहे। इन एचकेआरएन कर्मचारियों ने ब्लॉक स्तर पर भी 2 घंटे का विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्वक किया और अपनी मांगें रखी।

### प्रदर्शन करने के दौरान 7 तारीख तक वेतन व नवीनीकरण करने की लगाई गुहार

नांगल चौधरी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एचकेआरएन कर्मचारियों ने भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले जिला प्रचार मंत्री सुरेंद्र कुमार की अगुवाई में दो घंटे धरना-प्रदर्शन किया है। उन्होंने सरकार को निगम के कर्मचारियों को हर महीने सात तारीख तक वेतन तथा वंचित कर्मियों को नवीनीकरण करने की गुहार लगाई है। इस दौरान उन्होंने नियमित कर्मचारियों की तर्ज पर विभिन्न सुविधाएं देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सभी कौशल निगम के कर्मचारियों को सात तारीख तक वेतन देने का आह्वान किया था। लेकिन उन्हें दो-तीन महीने तक सैलरी नहीं मिलती, इसके अलावा मूलभूत सुविधाओं का इंतजार बना हुआ है। जिले में 434 एचकेआरएन कर्मचारी सेवारत हैं जिनमें 120 के नवीनीकरण की प्रक्रिया अटकी हुई है। इसके अलावा विभिन्न कारणों के चलते आठ कर्मियों को सेवा मुक्त कर दिया जिसको लेकर कर्मचारियों में तनाव व आक्रोश बना हुआ है। उन्होंने सरकार ने गुहार लगाते हुए कर्मियों को मूलभूत सुविधाएं देने के साथ शोषण युक्त नीतियों को वापस लेने की मांग की है। धरना-प्रदर्शन की अनदेखी की गई तो प्रदेश स्तरीय आंदोलन की रूपरेखा बनाई जाएगी। दो घंटे तक रोष-प्रदर्शन करने के बाद सभी कर्मचारी ड्यूटी पर लौट गए।



महेंद्रगढ़। नागरिक अस्पताल में नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### मांगों को लेकर एचकेआरएन कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

- प्रदर्शन अनुबंध स्वास्थ्य कर्मचारी संघ 2107 के बैनर तले किया गया

स्वास्थ्य विभाग के एचकेआरएन कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर नागरिक अस्पताल परिसर में दो घंटे तक रोष प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन अनुबंध स्वास्थ्य कर्मचारी संघ 2107 (भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध) के बैनर तले किया गया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो वे प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन करेंगे। जिला उपप्रधान अशोक लोहमरोड़ ने बताया कि कर्मचारियों की मुख्य मांगों में समय पर वेतन का भुगतान शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले ही निर्देश दिए थे कि हर माह की सात तारीख से पहले सभी कर्मचारियों के खाते में वेतन पहुंच जाना चाहिए। ऐसा न होने पर संबंधित डीडीओ पर जुर्माना लगाने का प्रावधान है, लेकिन इसके बावजूद कई कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा। इस मौके पर जिला उपप्रधान अशोक लोहमरोड, जिला कार्यकारिणी सदस्य मुकेश बाला, ब्लॉक सचिव अजीत सिंह, कोषाध्यक्ष सुधीर यादव, सोमबीर, गौरव, बिमला देवा, कुलदीप शर्मा, प्रदीप कुमार, विक्की, अशोक सैनी, सोनू, सतीश और मोनिका जांगड़ा सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

### 120 कर्मचारियों का नवीनीकरण नहीं किया

अशोक लोहमरोड़ ने बताया कि जिले में कुल 434 एचकेआरएन कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें से 120 कर्मचारियों का नवीनीकरण नहीं किया गया है। इसके अलावा आठ कर्मचारियों के नाम एचकेआरएन पोर्टल से हटा दिए गए हैं। इस स्थिति को लेकर कर्मचारियों में विभाग और सरकार के प्रति गहरा रोष है। कर्मचारियों ने जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी शांतिपूर्ण रोष प्रदर्शन किया और सरकार के नाम मांग पत्र सौंपे। संघ ने कहा कि यदि सरकार ने समय रहते कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो पूरे प्रदेश में आंदोलन तेज किया जाएगा। संघ ने चेतावनी दी कि इस स्थिति की पूरी जिम्मेदारी हरियाणा सरकार और स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों की होगी। जिला प्रधान विक्रम, जिला मंत्री पवन कुमार, जिला कोषाध्यक्ष कर्मवीर और सभी ब्लॉकों के प्रधानों ने अपने-अपने क्षेत्रों में शांतिपूर्वक प्रदर्शन किया।

# आपकी पूंजी आपका अधिकार शिविर 28 को धर्मशाला में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

- समझाई जाएगी अनक्लेम्ड राशि को क्लेम करने की प्रक्रिया
- निष्क्रिय खातों के बारे में भी बताई जाएगी प्रकिया

भारत सरकार के वित्त मंत्रालय की ओर से चलाए जा रहे आपकी पूंजी आपका अधिकार कार्यक्रम के तहत अग्रणी पंजाब नेशनल बैंक के तत्वाधान में 28 नवम्बर को बस स्टैंड के नजदीक यादव धर्मशाला में जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति अनुसार यह शिविर 28 नवंबर को सुबह 11 बजे से शुरू होकर दोपहर तीन बजे तक चलेगा। इसमें पीएनबी अंचल कार्यालय चण्डीगढ़, पीएनबी मण्ड़ल कार्यालय रेवाड़ी, मुख्य जिला अग्रणी प्रबन्धक, सभी बैंक की शाखाओं के डीसीओ राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति हरियाणा सरकार के प्रतिनिधि और जिले में कार्यरत बीमा कम्पनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। इस शिविर का मुख्य उदेश्य ग्राहकों के बहुत समय से पड़े खातो में धनराशी, बीमा कम्पनी और म्युचुअल फंड में पड़ी निष्क्रिय अथवा अनक्लेम्ड राशियों को क्लेम करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जाएगी।

### प्रस्तावना पढ़कर वीडियो अपलोड करें, प्रमाणपत्र प्राप्त करें

- हमारा संविधान – हमारा स्वाभिमान, धूमधाम से मनाया जाएगा संविधान दिवस

नारनौल। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि 26 नवंबर को संविधान दिवस इस वर्ष भी पूरे उत्साह, भव्यता और जन भागीदारी के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह आयोजन पूरे एक साल से चल रहे /"हमारा संविधान - हमारा स्वाभिमान/" अभियान के समापन का प्रतीक है। उपायुक्त ने बताया कि इस विशेष दिवस पर संविधान में निहित मूल्यों और लोकाचार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को उजागर करने और पुनः पुष्टि करने के लिए राष्ट्रव्यापी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्य गतिविधि के रूप में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन प्रमुखता से आयोजित किया जाएगा। यह सामूहिक वाचन राज्य की जिला मुख्यालय, तहसीलों, पंचायतों और गांवों तक में आयोजित किया जाएगा। कैप्टन मनोज कुमार ने नागरिकों से आह्वान किया है कि वे व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से प्रस्तावना का वाचन करें और इसे अभियान की वेबसाइट (**www.constitution75.com** ) पर अपलोड करें। सामूहिक वाचन के साथ-साथ शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा पोर्टल पर ऑनलाइन संविधान दिवस क्विज और 22 भाषाओं में डिजिटल शपथ लेने की सुविधा भी उपलब्ध है।

# बाबा साहब के संविधान ने देश को एकता के सूत्र में पिरोया : डा शिवताज सिंह

- संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर परिवर्तनकारी साहित्य मंच की ओर से संविधान जागृति कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। वाल्मीकि सभागार में संविधान का प्रतिज्ञान करते हुए। फोटो : हरिभूमि

संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर परिवर्तनकारी साहित्य मंच की ओर से मंगलवार को संविधान जागृति कार्यक्रम का आयोजन वाल्मीकि सभागार में किया गया। समारोह की अध्यक्षता सुंदर लाल उत्सुक ने की। मुख्य वक्ता प्रो शिवताज सिंह ताज रहे। मंच संचालन रविन्द्र सैनी ने किया। कार्यक्रम में संविधान से मिले हक अधिकार व आज के युग में उन मूल्यों को प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला गया तथा संविधान की प्रस्तावना का प्रतिज्ञान किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डा. शिवताज सिंह ने कहा कि 2014 के बाद देश में संविधान को कमजोर करने के साथ संवैधानिक संस्थाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। भारत जैसे बहुलता वाले देश को बाबा साहब अंबेडकर द्वारा रचित संविधान ने देश को एकता के सूत्र में पिरोया है। दुनिया का सबसे विस्तृत व सभी को समानता, न्याय, बंधुत्व देने वाला भारतीय संविधान है। अगर देश के संविधान की किताब सुरक्षित रहेगी तो हर जाति, धर्म, भाषा आदि के मानने वाले को अधिकार सुरक्षित रहेंगे। समारोह में अध्यापक सुदंरलाल ने कहा कि भारत का संविधान वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने पर जोर देता है।



मंडी अटेली। मार्केट कमेटी के पीछे लगे गंदगी के ढेर। फोटो : हरिभूमि

### अटेली मार्केट कमेटी के पीछे गंदगी का अंबार, लोग हो रहे परेशान

मंडी अटेली। एक तरफ जहां राज्य सरकार प्रदेशभर में स्वच्छता पर जोर दे रही है, वहीं अटेली में बनी मार्केट कमेटी के पीछे की दुर्दशा आंसू बहा रही है। अटेली मार्केट कमेटी के पीछे अनेक प्रकार की दुकानों खुली हुई है। उन दुकानों पर ग्राहक एवं अन्य लोग जब जाते हैं तो उनको गंदगी एवं वेस्ट पॉलीथिन नजर आती हैं। दुकानदार सत्यदेव ने बताया कि बरसात के समय में गंदगी चारों तरफ फैल गई थी, जिससे उसे पानी से निकलना भी मुश्किल हो गया था। थोड़ी सी लापरवाही के चलते हम अपने घरों या दुकानों से निकली गंदगी को बाहर खुले में डाल देते हैं। उससे उठने वाली बदबू पूरे वातावरण को दूषित करती है, जिससे हम बीमारियों का शिकार होते हैं। उन्होंने बताया कि अटेली नगरपालिका ने हर घर से कचरा एकत्रित करने का काम प्रतिदिन शुरू करती है। उसके बावजूद सड़कों पर कहीं न कहीं गंदगी दिखाई देती है, जो हमारे लिए काफी शर्मनाक है।

**सुझाव** सर्दी के मौसम में पड़ने वाले घने कोहरे और धुंध से फसल बचाव की दी जानकारी

# सर्दी से होने वाले नुकसान से फसलों को बचाने के लिए एडवाइजरी जारी

**सब्जी की खेती के लिए सरकार द्वारा 15 हजार प्रति एकड़ के हिसाब से अनुदान दिया जाता है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सर्दी के मौसम में पड़ने वाले घने कोहरे, धुंध और कड़ाके की सर्दी के कारण सब्जियों की फसलों को पाले की वजह से होने वाले नुकसान से फसलों को बचाने के लिए एडवाइजरी जारी की है। जिला उद्यान अधिकारी डॉ. प्रेम यादव ने बताया कि पाले से सबसे पहले सब्जी वाली फैसलों की पत्तियां प्रभावित होती है, फूल झुलस कर गिर जाते हैं, फिर टहनियां व बाद में पौध सूखने लगते हैं। पौधों पर पहले काले व भुरे दानेदार धब्बे बनते है। फिर सब्जियों के फलो पर धब्बे बनते हैं और फसल खराब हो जाती है। बागवानी विभाग ने इसको लेकर सब्जी उत्पादक किसानों को चेताया है। किसान सावधानी बरते, हल्की सिंचाई करें और फसलों को बचाने के लिए लोटनल तकनीक का सहारा ले या फसलों को पन्नियों से ढंके।

### किसान उचित कदम उठाकर कर सकते हैं सब्जी की फसलों का बचाव

- घुलनशील गंदक का छिड़काव जब पाला पड़ने की संभावना हो उन दिनों दो ग्राम प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।
- जब पाला पड़ने की संभावना हो तब फसलों में हल्की सिंचाई कर देनी चाहिए जिससे तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं गिरेगा और फसलों को पाले से होने वाले नुकसान से बचाएगा।
- फफूंदकनाषक रसायन का छिडकाव करें।
- रात के समय सब्जियों के पौधो को प्लास्टिक की पन्नियों से ढक दें। इससे पाले से बचाव होगा।
- जिनकी सब्जियों की नर्सरी तैयार है, उन्हे ठंड से बचाने के लिए प्लास्टिक या पुराल से ढकें।
- लो-टनल तकनीक का इस्तेमाल करें, इससे कम नुकसान होगा।

### बागवानी पर अनुदान का भी प्रावधान

जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि यदि कोई किसान सब्जी की खेती मंलचिग, लो-टनल, टपका सिंचाई, मिनी स्प्रीकंलर या बेल वाली सब्जी की खेती बांस के सहारे करता है तो उसको सरकार द्वारा 15 हजार प्रति एकड़ के हिसाब से अनुदान दिया जाता है। इसके अतिरिक्त मंलचिग लगाने पर 8000 रुपये प्रति एकड़, लो-टनल पर 8.50 से 14.50 रुपये प्रति वर्ग मीटर, बांस का ढांचा तैयार करने पर 31250 रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से पहले आओ पहले पाओ के आधार पर अनुदान दिया जाता है। इसके लिए किसान **hortnet.hortharyana.gov.in** पर अपना पंजीकरण करा कर स्कीम के लिए आवेदन कर सकते हैं। पंजीकरण के साथ-साथ स्कीम का चयन करके सभी जरूरी दस्तावेज ऑनलाईन अपलोड करने उपरान्त ही आवेदन की वरियता सुची निर्धारित की जाएगी। किसानों से आह्वान किया जाता है कि संबंधित ब्लॉक के उद्यान विकास अधिकारी से सम्पर्क कर के विभाग की ज्यादा से ज्यादा योजनाओ का लाभ ले सकते हैं।

# पात्र लाभार्थियों को मकान मरम्मत के लिए मिलता है 80 हजार अनुदान

- डॉ. बीआर अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना को लेकर समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। बीआर अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना को लेकर बैठक लेते सीटीएम।

डॉ. भीमराव अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना सरकार की बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के तहत किए गए आवेदनों को जल्द से जल्द निपटाया जाए ताकि लाभार्थियों को उसका सही समय पर लाभ मिल सके। यह निर्देश नगराधीश डॉ मंगलसेन ने मंगलवार लघु सचिवालय में इस योजना के लिए आयोजित समीक्षा बैठक में दिए। डॉ. मंगल सेन ने बताया कि सेवा विभाग द्वारा चलाई जा रही इस योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को मकान की मरम्मत के लिए एकमुश्त 80 हजार रुपए की एकमुश्त वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

उन्होंने जानकारी दी कि नागरिकों ने इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन किया था। फिलहाल यह पोर्टल बंद है। ऐसे में पहले सरकार का लक्ष्य इन आवेदनों को जल्द से जल्द निपटाना है। जिले में ऐसे लगभग 2895 मामले लंबित हैं। नगराधीश ने स्पष्ट किया कि योग्य लाभार्थियों को यह राशि देने से पहले आवेदनों की जांच अतिरिक्त उपायुक्त, जिला परिषद, जिला नगर आयुक्त, डीडीपीओ, तहसीलदार, और बीडीपीओ की एक संयुक्त टीम द्वारा की जाएगी।